ndif]>

Title: Need to stop telecast of the programme `City Halchal' on Television at district Khiri, Uttar Pradesh.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी): अध्यक्ष महोदय, जिला खीरी में सिटी हलचल के नाम से टेलीविजन पर एक अवैध प्रसारण ब्रोडकास्ट किया जा रहा है। प्रसारणकर्ताओं द्वारा अवैध तरीकों से अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए इस माध्यम का इस्तेमाल किया जा रहा है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार से इस संबंध में कोई भी अनुमति नहीं प्रदान की गई है और न ही उत्तर प्रदेश के स्तर पर कोई स्वीकृति ही इस प्रसारण को मिली है। इसके बावजूद भी पिछले कई महीनों से निरंतर इसका प्रसारण किया जा रहा है। मेरी सरकार से मांग होगी कि इसे तत्काल रोक कर संबंधित लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाए।